# अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ,उ0प्र0
# Atal Bihari Vajpayee Medical University,Lucknow, U.P.


L No 296/22/ABVMU/2021
दिनाँक : 20/01/2021

सेवा में,
प्रधानाचार्य/निदेशक,
समस्त नर्सिंग कॉलेज
उत्तर प्रदेश।

**विषयः** सत्र 2020–21 से बी0एस–सी0 नर्सिंग पाठ्यक्रम हेतु सम्बद्धता /Consent of Affiliation तथा प्रवेश प्रक्रिया के सम्बन्ध में।

महोदय,

उल्लेखनीय है कि अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय उ0प्र0, अधिनियम संख्या 42 वर्ष 2018 दिनांक 22 दिसम्बर 2018, उत्तर प्रदेश शासन के नोटिफिकेशन सं0 1623/71–4–2020–जी–137/2018, दिनांक 13 अक्टूबर, 2020 को प्रवृत्त हो गया है। उक्त के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया निम्नवत् सूचित होते हुये तद्नुसार आवश्यक कार्यवाही समयबद्ध रुप से करने का कष्ट करें।

1. अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय उ0प्र0, से सम्बद्धीकरण/ Consent of Affiliation प्राप्त करने हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.abvmuup.edu.in पर उपलब्ध आवेदन पत्र को भली–भांति भरकर व हस्ताक्षर कर आवश्यक संलग्नकों सहित ई–मेल/स्पीड पोस्ट से विश्वविद्यालय को विलम्बतम दिनांक 27.01.2021 तक प्राप्त कराना सुनिश्चित करें। विश्वविद्यालय द्वारा सम्यक परीक्षणोपरान्त सम्बद्धता / Consent of Affiliation के सम्बन्ध में दिनांक 31.01.2021 तक निर्णय ले लिया जायेगा। निजी क्षेत्र के कॉलेजों के मामलों में Consent of Affiliation के लिये आवेदन शुल्क रु0 10,000.00, अनापत्ति प्रमात्र पत्र के लिये रु0 10,000.00 तथा प्रॉसेसिंग शुल्क रु0 50,000.00 कुल रु 70,000.00 संस्था को विश्वविद्यालय के ईन्डियन बैंक खाता (Atal Bihari Vajpayee Medical University Lucknow के नाम खाता सं0 50523223817 में IFSC सं0 ALLA0211028) में RTGS के माध्यम से जमा कराना होगा।
2. भारतीय परिचर्या परिषद द्वारा निर्गत अधिसूचना सं0 एफ नं0–1–6/(एल.टी.)2020–आई.एन.सी., दिनांक 24 दिसम्बर, 2020 के अनुपालन में पूरी पारिदर्शिता के साथ नियमानुसार प्रवेश प्रक्रिया दिनांक 15.02.2021 से प्रारम्भ की जाये। प्रवेश की अन्तिम तिथि दिनांक 28.02.2021 नियत की गयी है।

कृपया उपरोक्तानुसार अवगत होते हुये अपेक्षित कार्यवाही नियमानुसार सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय
20.01.2021
(अनिल कुमार सिंह)
रजिस्ट्रार

संलग्नक –आवेदन पत्र का प्रारुप

*प्रतिलिपि–*

1. *उपसचिव, चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–4, उत्तर प्रदेश*
2. *निजी सचिव, मा0 कुलपति, अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय उ0प्र0, लखनऊ*

रजिस्ट्रार


9th floor, Academic Block, Dr. Ram Manohar Lohia Institute of Medical Sciences, Vibhuti Khand, Lucnow- 226210.
Email: vcabvmuup@gmail.com,web:www.abvmuup.edu.in